दैनिक
# नवश्रेय टाईम्स
PRGI No._RJHIN/25/A0587

सम्पर्क सूत्र
दैनिक नवश्रेय टाईम्स में समाचार, विज्ञापन और सूचनाएं प्रकाशित करवाने के लिए सम्पर्क करें:-
मो. 9602240956
Email-
navshreyatimes@gmail.com

वर्ष : 01 | अंक : 24 | जयपुर, सोमवार, 25 अगस्त 2025 | प्रभात संस्करण | मूल्य: 2 रु. | कुल पृष्ठ : 4

परियोजनाएं कई क्षेत्रों की आवश्यकताओं को पूरा करती हैं: शहरी विकास, ऊर्जा, सड़क और रेलवे

## प्रधानमंत्री अहमदाबाद में 5,400 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और लोकार्पण करेंगे

- प्रधानमंत्री आज और कल गुजरात का दौरा करेंगे
- मेक इन इंडिया की सफलता के एक प्रमुख उदाहरण के रूप में, प्रधानमंत्री हंसलपुर में 100 से अधिक देशों में निर्यात के लिए सुजुकी के पहले वैश्विक बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन ई विटारा को हरी झंडी दिखाएंगे
- प्रधानमंत्री टीडीएस लिथियम-आयन बैटरी प्लांट में हाइब्रिड बैटरी इलेक्ट्रोड के स्थानीय उत्पादन का उद्घाटन करेंगे
- यह हरित ऊर्जा के क्षेत्र में भारत के आत्मनिर्भर बनने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है



■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25-26 अगस्त को गुजरात का दौरा करेंगे। वे 25 अगस्त को शाम लगभग 6 बजे अहमदाबाद के खोडलधाम मैदान में 5,400 करोड़ रुपये की लागत की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और राष्ट्र को समर्पित करेंगे। वे एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। 26 अगस्त को सुबह लगभग 10:30 बजे, प्रधानमंत्री अहमदाबाद के हंसलपुर में हाइब्रिड बैटरी इलेक्ट्रोड के स्थानीय उत्पादन का उद्घाटन करेंगे और 100 देशों को बैटरी इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्यात को हरी झंडी दिखाएंगे। इस अवसर पर वे उपस्थित जनसमूह को भी संबोधित करेंगे। विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे और कनेक्टिविटी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, प्रधानमंत्री 1,400 करोड़ रुपये से अधिक की कई रेलवे परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इसमें 530 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली 65 किलोमीटर महेसाणा-पालनपुर रेल लाइन का दोहरीकरण, 860 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली 37 किलोमीटर कलोल-कडी-कटोसन रोड रेल लाइन और 40 किलोमीटर बेचराजी-रानुज रेल लाइन का गेज परिवर्तन शामिल है। इस ब्रॉड-गेज क्षमता के बढ़ने से, ये परियोजनाएं इस क्षेत्र में सुगम, सुरक्षित और अधिक निर्बाध कनेक्टिविटी सुनिश्चित करेंगी।

### जीएसटी में सुधार से कीमतों में आएगी कमी - पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इकोनॉमिक टाइम्स वर्ल्ड लीडर्स फोरम में बोलते हुए कहा कि पहले की सरकारें चुनावों से आगे कभी नहीं सोचती थीं। उनका मानना था कि तकनीक विकसित करना उन्नत देशों का काम है और जरूरत पड़ने पर भारत उसे आसानी से आयात कर लेगा, लेकिन 2014 के बाद भारत ने अपना नजरिया बदल दिया। पीएम मोदी ने कहा कि 2014 के बाद भारत ने अपनी दृष्टिकोण बदली, इसलिए हमने अपना पूरा 5जी स्टैक देश में ही विकसित किया। अब हम तेजी से मेड-इन-इंडिया 6जी की ओर बढ़ रहे हैं।

### हम सदैव श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के दिखाए गए ज्ञान के मार्ग पर चलें : पीएम मोदी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर हार्दिक बधाई दी। पीएम मोदी ने कहा कि श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की शाश्वत शिक्षाएं दुनिया भर के जीवन को प्रकाशित करती रहती हैं और हमें करुणा, विनम्रता और सेवा के मूल्यों की याद दिलाती हैं। उन्होंने आगे कहा कि ये शिक्षाएं मानवता को एकता और सद्भाव की भावना को मजबूत करने के लिए प्रेरित करती हैं। पीएम मोदी ने आशा व्यक्त की कि हम सदैव श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी द्वारा दिखाए गए ज्ञान के मार्ग पर चलें और एक बेहतर दुनिया के निर्माण का प्रयास करें। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर हार्दिक बधाई। श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की शाश्वत शिक्षाएं दुनिया भर के जीवन को प्रकाशित करती रहती हैं और हमें करुणा, विनम्रता और सेवा के मूल्यों की याद दिलाती हैं। ये शिक्षाएं मानवता को एकता और सद्भाव की भावना को मजबूत करने के लिए प्रेरित करती हैं। हम सदैव श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी द्वारा दिखाए गए ज्ञान के मार्ग पर चलें और एक बेहतर ग्रह के निर्माण का प्रयास करें। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने एक्स पोस्ट में लिखा, श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं। उनकी अमर वाणी हमें करुणा, विनम्रता और सेवा के मूल्यों का संदेश देती है जो मानवता को एकता और सद्भाव से जोड़ती है। आइए, हम उनके दिखाए मार्ग पर चलकर एक बेहतर समाज के निर्माण का संकल्प लें। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, गुरु ग्रंथ साहिब जी के प्रकाश पर्व पर गुरु वाणी का मनन तथा सभी को का मनन तथा सभी को हार्दिक शुभकामनाएं। श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का दिव्य उपदेश सत्य, करुणा और मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। यह दिन हम सभी को बंधुत्व, समानता और शांति का संदेश देता है।

## हमारे अंतरिक्ष यात्री भारत की आकांक्षाओं के अग्रदूत हैं : रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह



- रक्षा मंत्री ने नई दिल्ली में गगनयात्रियों - ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला, ग्रुप कैप्टन पीबी नायर, ग्रुप कैप्टन अजीत कृष्णन और ग्रुप कैप्टन अंगद प्रताप को सम्मानित किया।
- भारत अंतरिक्ष को केवल अनुसंधान के क्षेत्र के रूप में नहीं देखता बल्कि इसे कल की अर्थव्यवस्था, सुरक्षा, ऊर्जा और मानवता के भविष्य के रूप में देखता है

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 24 अगस्त, 2025 को नई दिल्ली में एक कार्यक्रम के दौरान इसरो के पहले अंतरिक्ष उड़ान मिशन, गगनयान का हिस्सा रहे ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला, ग्रुप कैप्टन पीबी नायर, ग्रुप कैप्टन अजीत कृष्णन और ग्रुप कैप्टन अंगद प्रताप को सम्मानित किया। इस अवसर पर बोलते हुए, रक्षा मंत्री ने चारों गगनयात्रियों को देश के रत्न और राष्ट्रीय आकांक्षाओं का अग्रदूत बताया। अंतरिक्ष में भारत की बढ़ती उपस्थिति पर बोलते हुए राजनाथ सिंह ने कहा, हम अंतरिक्ष को केवल अनुसंधान के क्षेत्र के रूप में नहीं बल्कि कल की अर्थव्यवस्था, सुरक्षा, ऊर्जा और मानवता के भविष्य के रूप में देखते हैं। हम पृथ्वी की सतह से आगे बढ़कर अंतरिक्ष की नई सीमाओं में लगातार आगे बढ़ रहे हैं। हम चंद्रमा से लेकर मंगल तक अपनी उपस्थिति दर्ज करा चुके हैं, और आज, देश गगनयान जैसे अभियानों के लिए पूरी तरह तैयार है। रक्षा मंत्री ने इस उपलब्धि को केवल एक तकनीकी उपलब्धि नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत में एक नया अध्याय बताया । उन्होंने कहा, भारत विश्व की अग्रणी अंतरिक्ष शक्तियों में गर्व से ऊँचा स्थान रखता है। भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम केवल प्रयोगशालाओं और प्रक्षेपण यान तक ही सीमित नहीं है। यह हमारी राष्ट्रीय आकांक्षाओं और वैश्विक दृष्टिकोण का प्रतिबिंब है। चंद्रयान से लेकर मंगलयान तक, हमने यह दिखाया है कि सीमित संसाधनों के साथ भी, असीमित इच्छाशक्ति सबसे चुनौतीपूर्ण लक्ष्यों को उल्लेखनीय उपलब्धियों में बदल सकती है। राजनाथ सिंह ने बताया कि अंतरिक्ष से प्राप्त प्रौद्योगिकियाँ, चाहे वह संचार उपग्रह हो, मौसम की निगरानी हो या आपदा प्रबंधन, भारत के हर गांव और हर खेत तक सेवाएं पहुंचा रही है। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि भारत अंतरिक्ष की यात्रा में पीछे नहीं रह सकता।

## रानी अवंतीबाई लोधी का जीवन देशभक्ति, त्याग और शौर्य का प्रतीक : गडकरी

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर



केंद्रीय सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने रविवार को नागपुर में लोधी क्षत्रिय लोक कल्याण फाउंडेशन कार्यक्रम में वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी के 194वीं जयंती समारोह में उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में गडकरी ने अवंतीबाई के बलिदान और साहस को याद करते हुए उन्हें भारत की प्रथम स्वतंत्रता संग्राम वीरांगना बताया। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि रानी अवंतीबाई मध्य प्रदेश के रामगढ़ राज्य की रानी थीं।

1857 के स्वतंत्रता संग्राम में उन्होंने ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के खिलाफ साहसपूर्वक युद्ध लड़ा। अंग्रेजों के सामने झुकने की बजाय अपने राज्य और स्वाभिमान की रक्षा के लिए शहादत को गले लगाया।

रानी अवंतीबाई उन पहली महिलाओं में से थीं, जिन्होंने भारत की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। उनका जीवन देशभक्ति, त्याग और शौर्य का प्रतीक है। ऐसी वीरांगनाओं की गाथाएं आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देती हैं। गडकरी ने उपस्थित जनसमूह से आग्रह किया कि वे रानी अवंतीबाई के जीवन से प्रेरणा लेकर देश के प्रति निष्ठा और राष्ट्रवाद की भावना को अपने भीतर जागृत करें।

यही रानी अवंतीबाई के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने अपने संबोधन के अंत में हाथ जोड़कर रानी अवंतीबाई को नमन करते हुए कहा कि उनके आशीर्वाद से समाज में राष्ट्र प्रेम व कर्तव्य भावना और अधिक गहराई से समाहित होगी।

ऑल इंडिया स्पीकर्स कॉन्फ्रेंस का दिल्ली विधानसभा में उद्घाटन

## सदन लोकतंत्र का इंजन, कार्यवाही बाधित करना चिंताजनक : अमित शाह

- गृह मंत्री ने विट्ठल भाई पटेल के योगदान को किया याद
- विपक्ष से सार्थक बहस और लोकतंत्र की गरिमा बनाए रखने की अपील

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को दिल्ली विधानसभा में दो दिवसीय ऑल इंडिया स्पीकर्स कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सदन लोकतंत्र का इंजन होता है, इसलिए विपक्ष द्वारा संसद तथा विधानसभाओं की कार्यवाही को बाधित करने की प्रवृत्ति चिंताजनक है। शाह ने कहा कि लोकतांत्रिक प्रणाली में सत्ता और विपक्ष दोनों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है, लेकिन कई दिनों तक सदन को न चलने देना लोकतंत्र की भावना के विपरीत है। उन्होंने कहा कि सदन जनता की आकांक्षाओं का प्रतीक है और सार्थक बहस से ही जनकल्याणकारी कानून बनते हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा और संसद केवल बहस का मंच नहीं, बल्कि विवेक और विचार का संगम है। सदन की कार्यवाही में पक्ष-विपक्ष दोनों को मिलकर जनता की आवाज बनना चाहिए। शाह ने उपस्थित सभी अध्यक्षों और उपाध्यक्षों से आह्वान किया कि वे सदन की गरिमा बनाए रखते हुए चर्चा को सार्थक और परिणामोन्मुख बनाने का प्रयास करें। गृह मंत्री ने स्वतंत्र भारत के पहले भारतीय केंद्रीय विधानसभा अध्यक्ष रहे विट्ठल भाई पटेल के योगदान को भी विस्तार से याद किया। उन्होंने कहा कि पटेल ने विधानसभा अध्यक्ष पद की गरिमा को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया और कई ऐसी परंपराएं स्थापित कीं जो आज भी लोकतांत्रिक संस्थाओं की आधारशिला हैं। शाह ने सुझाव दिया कि विट्ठल भाई पटेल के भाषणों और योगदान का संकलन देशभर की विधानसभाओं की लाइब्रेरी में उपलब्ध कराया जाए, ताकि नए पीढ़ी के जनप्रतिनिधि उनसे प्रेरणा ले सकें। गृह मंत्री ने कहा कि भारत का लोकतंत्र गहरे ऐतिहासिक और सांस्कृतिक मूल्यों से जुड़ा है। उन्होंने हस्तिनापुर की सभा का उदाहरण देते हुए कहा कि प्राचीन काल से ही भारत में जनमत को महत्व देने की परंपरा रही है। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष केवल सदन के संरक्षक ही नहीं बल्कि सेवक भी होते हैं और उनके विवेकपूर्ण निर्णय ही लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करते हैं।इस अवसर पर दिल्ली के मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू, दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता और उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना सहित देशभर की विधानसभाओं और विधान परिषदों के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष उपस्थित थे। कार्यक्रम में दिल्ली विधानसभा में विट्ठल भाई पटेल के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया गया। अमित शाह ने अंत में सभी विधायकों और सांसदों से विधानसभा व संसद की लाइब्रेरी का अधिकाधिक उपयोग करने का आग्रह किया और कहा कि अध्ययन और विमर्श के माध्यम से ही लोकतंत्र को सशक्त बनाया जा सकता है।

## थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी अल्जीरिया की राजकीय यात्रा पर रवाना हुए

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर



थल सेनाध्यक्ष (सीओएएस) जनरल उपेन्द्र द्विवेदी 25 से 28 अगस्त 2025 तक अल्जीरिया की राजकीय यात्रा पर रवाना हुए। यह यात्रा भारत की राष्ट्रपति और चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ की हाल की यात्राओं के तुरंत बाद हो रही है। यह यात्रा भारत-अल्जीरिया के संबंधों को मजबूत करने के महत्व को दर्शाती है। इस यात्रा का उद्देश्य भारत और अल्जीरिया के बीच रक्षा और सुरक्षा संबंधों को सुदृढ़ करना है जिसमें सेना का सेना से सहयोग को बढ़ावा देना, क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों पर दृष्टिकोण साझा करना और रक्षा औद्योगिक सहयोग की संभावना तलाश करना शामिल है। इस यात्रा के दौरान, जनरल द्विवेदी अल्जीरिया के वरिष्ठ नेतृत्व के साथ उच्च-स्तरीय बैठकें करेंगे। वे राष्ट्रीय रक्षा मंत्री के प्रतिनिधि मंत्री और पीपुल्स नेशनल आर्मी के चीफ ऑफ स्टाफ जनरल सईद चानेग्रिहा; थल सेना कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मुस्तफा स्माली और अल्जीरिया में भारतीय राजदूत डॉ. स्वाति कुलकर्णी से मिलेंगे।वे राष्ट्रीय रक्षा मंत्री के प्रतिनिधि मंत्री और पीपुल्स नेशनल आर्मी के चीफ ऑफ स्टाफ जनरल सईद चानेग्रिहा; थल सेना कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मुस्तफा स्माली और अल्जीरिया में भारतीय राजदूत डॉ. स्वाति कुलकर्णी से मिलेंगे।







CMYK

## संपादक की कलम से....

# मौसम का बिगड़ता मिजाज-जिम्मेदार कौन?



रेखा गौड संपादक
दैनिक नवश्रेय टाइम्स

आज पूरी दुनिया मौसम के असामान्य बदलावों का सामना कर रही है। कभी अचानक बारिश, कभी भीषण गर्मी, कभी ओलावृष्टि, तो कभी बर्फीले तूफ़ान - ये सब संकेत हैं कि प्राकृतिक संतुलन गड़बड़ा गया है। सवाल यह है कि इस बिगड़ते मौसम के लिए आखिर जिम्मेदार कौन है? औद्योगिकीकरण, शहरीकरण और अंधाधुंध विकास ने सबसे बड़ा नुकसान पर्यावरण को पहुंचाया है।

पेड़ों की कटाई, नदियों और जलस्रोतों का प्रदूषण तथा प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन मौसम के असंतुलन की मुख्य वजह हैं। वाहनों का धुआं, कारखानों से निकलने वाली जहरीली गैसें और प्लास्टिक कचरा वातावरण को लगातार दूषित कर रहे हैं। इससे ग्रीनहाउस गैसें बढ़ती हैं, जो धरती का तापमान असामान्य रूप से बढ़ा देती हैं। यही ग्लोबल वार्मिंग का कारण बनती है। पर्यावरणविदों के अनुसार, लगातार बढ़ती ग्रीनहाउस गैसें और ग्लोबल वार्मिंग पृथ्वी के तापमान को असामान्य रूप से बढ़ा रही हैं। इसके चलते बरसात का पैटर्न बदल रहा है, ग्लेशियर पिघल रहे हैं और प्राकृतिक आपदाओं की घटनाएं तेज़ी से बढ़ रही हैं। जलवायु वैज्ञानिकों का मानना है कि पृथ्वी का तापमान लगातार बढ़ रहा है।

ग्लेशियर पिघल रहे हैं, समुद्र का स्तर ऊंचा हो रहा है और बरसात का पैटर्न पूरी तरह बदल गया है। इसका सीधा असर किसानों, पशुपालकों और आम जनता के जीवन पर पड़ रहा है। सरकारों की जिम्मेदारी है कि वे कड़े पर्यावरण कानून बनाकर उनका पालन सुनिश्चित करें।

उद्योग जगत को चाहिए कि प्रदूषण कम करने के लिए पर्यावरण अनुकूल तकनीक अपनाएं। समाज और आम नागरिक भी जिम्मेदार हैं कि वे पेड़ लगाएं, पानी बचाएं और अनावश्यक ऊर्जा खपत को कम करें। मौसम के इस बिगड़ते मिजाज को सामान्य बनाने के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा। नवीकरणीय ऊर्जा (सौर, पवन) को बढ़ावा देना होगा। प्लास्टिक का प्रयोग कम करना होगा। वर्षा जल संग्रहण और जल संरक्षण की आदत डालनी होगी। हर नागरिक को पर्यावरण मित्र जीवनशैली अपनानी होगी। सरकारें पर्यावरण संरक्षण के लिए योजनाएं बना रही हैं, लेकिन ज़मीनी स्तर पर प्रयास अभी भी नाकाफी बताए जा रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि इस बिगड़ते मौसम के लिए सिर्फ सरकार ही नहीं, उद्योग जगत और आम जनता भी बराबर जिम्मेदार हैं। मौसम का बदलता स्वरूप हमें चेतावनी दे रहा है कि यदि हमने अभी ध्यान नहीं दिया तो आने वाले समय में परिस्थितियाँ और गंभीर होंगी। जिम्मेदारी सिर्फ सरकार या किसी एक वर्ग की नहीं, बल्कि पूरी मानव जाति की है। यदि हम सब मिलकर कदम उठाएँ तो प्रकृति का संतुलन दोबारा कायम किया जा सकता है।

### वर्ल्ड फोटोग्राफी डे पर फोटोग्राफी महाकुंभ की हुई भव्य शुरुआत

# राजस्थान की सबसे बड़ी फोटो एग्जिबिशन 362 फोटोग्राफर 680 फोटो डिस्प्ले, 24 से 26 अगस्त तक होगा तीन दिवसीय नज़र फोटोग्राफी एग्जिबिशन का भव्य आयोजन





■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

जयपुर में तस्वीरों का महाकुंभ की शुरुआत रविवार को भव्य आयोजन के साथ शुरू हुआ, जिसका उद्घाटन सीईओ मैनेजिंग एडिटर फर्स्ट इंडिया, पवन अरोड़ा ने किया राजस्थान की सबसे बड़ी फोटो एग्जिबिशन जवाहर कला केंद्र की सहभागिता व राजस्थान फोटो फेस्टिवल के तहत जयपुर में एक बार फिर बहुप्रतीक्षित फोटोग्राफी महाकुंभ नज़र फोटो एग्जिबिशन का आयोजन किया जा रहा है। जवाहर कला केन्द्र में एग्जिबिशन का चौथा सीजन 24 से 26 अगस्त तक होगा। यह तीन दिवसीय भव्य आयोजन भारतवर्ष के फोटोग्राफी प्रेमियों और पेशेवरों के लिए एक अनूठा मंच प्रदान करेगा। यह आयोजन अपनी विशालता और विविधता के लिए जाना जाता है, जिसमें 362 से अधिक प्रतिभागी और 680 से अधिक उत्कृष्ट तस्वीरें प्रदर्शित की गई हैं। यह एकमात्र ऐसा फेस्टिवल है जहां प्रशासनिक अधिकारियों से लेकर भारतवर्ष के फोटो पत्रकार, वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर, फोटोग्राफी के छात्र और पेशेवर फोटोग्राफर भी हिस्सा लेते हैं। इसमें 8 से अधिक देशों और 12 से अधिक राज्यों के कलाकार अपनी प्रतिभागिता दर्ज करवा चुके हैं। इसी में तीन तीन पेंटिंग एग्जीबिशन का भी आयोजन हे जिसमें कई प्रसिद्ध आर्टिस्टों की पेंटिंग डिस्प्ले की गई।नज़र आर्ट में 18 आर्टिस्ट ने अपनी 45 पेंटिंग डिस्प्ले की।जिसमें कलाकार कई राज्यों से आए है आर्ट को क्यूरेट अदिति अग्रवाल ने किया। इस प्रदर्शनी में मोबाइल फोन से खींचे गए फोटो को भी प्रदर्शित किए गए हैं। एग्जिबिशन की संरक्षक रेणुका कुमावत ने बताया 362 फोटोग्राफर 680 फोटो डिस्प्ले । पवन अरोड़ा ने किया उद्घाटन। अतिथि में आर ए एस पंकज ओझा, रामास रिसॉर्ट ऑनर मोहित टेलर, समाज सेवी पवन गोयल, जे डी माहेश्वरी, रघु आदित्य,नितिन गोधा,आर जे सूफी, उपस्थित रहे। सोमवार को वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर सुरेन्द्र चौहान का सेशन होगा। दिन में लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड समारोह होगा और शाम को नज़र ए मजलिस पोएट्री सेशन होगा। दिन भर लोगों ने फोटो को देखा। नज़र आर्ट में 18 आर्टिस्ट ने अपनी 45 पेंटिंग डिस्प्ले की। जिसमें कलाकार कई राज्यों से आए है इसमें अतिथियों के सम्मान में सत्येन्द्र सिंह, क्यूरेटर अदिति अग्रवाल, कुणाल सिंह, हनी, वसुंधरा, विक्रम सोनी, हर्षित कोटेचा ने सम्मान किया।

## न्यूज़ ब्रीफ

### मौसम अलर्टः जयपुर में दो दिन तक बंद रहेंगे सभी स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र, जिला कलेक्टर ने जारी किया आदेश

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

भारी बारिश की आशंका को देखते हुए जिला कलेक्टर डॉ. जितेंद्र सोनी ने आदेश जारी कर 25 और 26 अगस्त को छुट्टी घोषित की है। इन दो दिनों में प्री-प्राइमरी से लेकर 12वीं कक्षा तक के सभी सरकारी व गैर-सरकारी स्कूलों के साथ-साथ आंगनबाड़ी केंद्र बंद रहेंगे। मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि जयपुर और आसपास के क्षेत्रों में बारिश का दौर जारी रह सकता है। प्रशासन ने नागरिकों से सतर्क रहने और आवश्यक सावधानियां बरतने की अपील की है।

### गणेश चतुर्थी पर रहेगा सर्वार्थ सिद्धि-लक्ष्मी नारायण योग का संयोग

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

भाद्रपद शुक्ल चतुर्थी 27 अगस्त (बुधवार ) को गणेश चतुर्थी महोत्सव मनाया जाएगा। इस दिन अनेक शुभ योग बनने से गणेश उत्सव का महत्व और अधिक बढ़ गया है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार रवि योग, सर्वार्थ सिद्धि योग और लक्ष्मी नारायण योग इस तिथि को विशेष रूप से फलदायी बना रहे हैं। बुधवार को गणेश पूजन करने से व्यापार, नौकरी, शिक्षा और नए कार्यों में सफलता प्राप्त होती है। पंडित श्रीकृष्ण चंद्र शर्मा ने बताया कि बुध ग्रह बुद्धि, वाणी, गणित, व्यापार और तर्कशक्ति का कारक है। चतुर्थी का बुधवार को पडऩा विशेष फलकारी होता है। इस दिन पूजन करने से बुद्ध दोष और वाणी दोष शांत होते हैं तथा विवेक, निर्णय क्षमता और व्यवसाय में स्थिरता आती है। छात्रों को शिक्षा में प्रगति और परिवार को सुख-शांति की प्राप्ति होती है। गणेशोत्सव के दौरान इस बार सूर्य और केतु की युति रहेगी, जो तुला और कुंभ राशि वालों के लिए लाभकारी सिद्ध होगी। साथ ही चंद्रमा और मंगल की युति से लक्ष्मी योग भी बनेगा, जिससे आय और समृद्धि के अवसर मिलेंगे।

**'गणेश स्थापना का शुभ मुहूर्त'** भाद्रपद शुक्ल चतुर्थी की तिथि 26 अगस्त को दोपहर 1:54 बजे आरंभ होकर 27 अगस्त को अपराह्न 3:44 बजे समाप्त होगी। गणेश चतुर्थी पर्व 27 अगस्त को मनाया जाएगा। परंपरा के अनुसार भगवान गणेश का जन्म दोपहर में हुआ था । इसलिए गणेश स्थापना का सर्वश्रेष्ठ समय 27 अगस्त को सुबह 11:10 से दोपहर

### जयपुर डेयरी ने दूध के बढ़ाए दामः सभी वैराइटी पर दो रुपए प्रति लीटर का इजाफा

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

जयपुर जिला दुग्ध उत्पादन सहकारी संघ (जयपुर डेयरी) प्रशासन ने दूध की सभी वैराइटी पर दो रुपए प्रति लीटर का इजाफा किया है। ये कीमतें 25 अगस्त की शाम को होने वाली सप्लाई से लागू होंगी। जयपुर डेयरी के एमडी मनीष फौजदार ने बताया- अभी सरस टोंड (नीला) 52 रुपए, स्टैंडर्ड (हरा) 58 रुपए, गोल्ड 66 रुपए और डबल टोंड 44 रुपए प्रति लीटर मिल रहा है। 25 अगस्त को कीमतें बढ़ने के बाद सरस टोंड (नीला) 54 रुपए, स्टैंडर्ड (हरा) 60 रुपए, गोल्ड 68 रुपए और डबल टोंड 46 रुपए प्रति लीटर मिलने लगेगा। साल 2017 से अब तक 11 बार दूध के दाम बढ़ाए गए हैं। इस दौरान दूध की कीमत में 42 फीसदी से ज्यादा की बढ़ोतरी हो चुकी है। इन बढ़ी हुई कीमतों का असर जयपुर और दौसा जिले के उपभोक्ताओं पर पड़ेगा। क्योंकि जयपुर डेयरी से दूध की सप्लाई इन दो ही जिलों में की जाती है। जयपुर डेयरी वर्तमान में इन दोनों जिलों में हर रोज 11.60 लाख लीटर से ज्यादा दूध की सप्लाई करती है। इससे पहले जयपुर डेयरी ने पिछले साल अगस्त में दूध के दामों में 2 रुपए प्रति लीटर का इजाफा किया था।

### चालीस लाख रुपये के जेवरात की नकबजनी करने वालों को पकडा



■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

मालपुरा गेट थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चालीस लाख रुपये के जेवरात की नकबजनी करने वाले चार बदमाशों को धर-दबोचा है,जिसमें एक बाल अपचारी होना बताया जा रहा है। साथ ही पुलिस ने आरोपितों के पास से चुराए गए सभी जेवरात बरामद भी कर लिया गया है। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व संजीव नैन ने बताया कि मालपुरा गेट थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चालीस लाख रुपये के जेवरात की नकबजनी करने वाले 19 वर्षीय मोनिका सारस्वत, 40 वर्षीय बलदेव सोगानी और 37 वर्षीय आसी सारस्वत उर्फ आशा को गिरफ्तार किया है और साथ ही एक बाल अपचारी को निरुद्ध किया गया है।

## उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने रक्तदान शिविर का शुभारंभ कर दिया मानवता का संदेश

### विश्व बंधुत्व दिवस पर रक्तदान शिविर में शामिल हुईं उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर




राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने रविवार को ब्रह्माकुमारी निवास विद्याधर नगर में आयोजित रक्तदान अभियान-2025 में भाग लिया। यह कार्यक्रम विश्व बंधुत्व दिवस और पूज्य राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की पुण्य स्मृति को समर्पित था। उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत वैश्विक स्तर पर सम्मान प्राप्त कर रहा है और वसुधैव कुटुंबकम की भावना से विश्व बंधुत्व को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने रक्तदान को महादान बताते हुए कहा, आपके द्वारा किया गया रक्तदान किसी जरूरतमंद को जीवनदान दे सकता है। यह कार्यक्रम विश्व बंधुत्व दिवस और पूज्य राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की पुण्य स्मृति को समर्पित था।

उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत वैश्विक स्तर पर सम्मान प्राप्त कर रहा है और वसुधैव कुटुंबकम की भावना से विश्व बंधुत्व को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने रक्तदान को महादान बताते हुए कहा, आपके द्वारा किया गया रक्तदान किसी जरूरतमंद को जीवनदान दे सकता है।रक्त की एक-एक बूंद किसी के लिए नई सांस बन सकती है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि रक्तदान से शरीर कमजोर नहीं होता बल्कि स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है। उन्होंने समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाने पर जोर दिया और युवाओं व महिलाओं से इसमें अग्रणी भूमिका निभाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के अंत में उपमुख्यमंत्री ने सभी रक्तदाताओं, सहयोगी संस्थाओं और ब्रह्माकुमारी परिवार का धन्यवाद किया। जिनके प्रयासों से यह जनहित का कार्य सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

## नगर निगम हेरिटेज आयुक्त पटेल ने शहर की सफाई व्यवस्था और ड्रेनेज सिस्टम का निरीक्षण

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर



नगर निगम हेरिटेज आयुक्त डॉ. निधि पटेल ने रविवार को शहर की सफाई व्यवस्था और ड्रेनेज सिस्टम का निरीक्षण किया।

इस दौरान आयुक्त ने विभिन्न क्षेत्रों में जाकर सफाई व्यवस्था पर बारीकी से नजर डाली और आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त ने ड्रेनेज पॉइंट्स को चेक कर वहां जालियां लगाने के आदेश दिए, ताकि कचरा बहकर ब्लॉकेज न करे। सुपर सकर मशीन से कचरा हटाने तथा खुले कचरा डिपो को समाप्त करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए गए।सुपर सकर मशीन से कचरा हटाने तथा खुले कचरा डिपो को समाप्त करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए गए। मोती डूंगरी रोड पर सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए आयुक्त ने गणेश चतुर्थी महोत्सव की तैयारियों को लेकर विशेष दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने रोड पेच वर्क, नालों पर फेरो कवर दुरुस्त करने और स्थाई ड्रेनेज सिस्टम विकसित करने के निर्देश दिए ताकि बारिश का पानी दिल्ली रोड जैसे मुख्य मार्गों पर जमा न हो। ब्रह्मपुरी नाला और जवाहर नगर कच्ची बस्ती क्षेत्र में मडपंप की स्थिति का भी निरीक्षण किया गया। आयुक्त ने सभी जोन उपायुक्तों और इंजीनियरिंग विंग को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने जोन में मौके पर जाकर व्यवस्थाओं की निगरानी करें और फील्ड में सक्रिय रहकर सफाई व जलभराव की समस्या का समाधान सुनिश्चित करें।

### देश-प्रदेश से हजारों की संख्या में जुटेंगे विप्र बंधु

## श्री परशुराम ज्ञानपीठ-सेंटर फॉर एक्सीलेंस एंड रिसर्च का सेवार्पण छह सितंबर को

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

शिप्रा पथ मानसरोवर में विप्र फाउंडेशन के तत्वावधान में नव निर्मित श्री परशुराम ज्ञानपीठ-सेंटर फॉर एक्सीलेंस एंड रिसर्च का भव्य सेवार्पण (उद्घाटन) छह सितम्बर को होगा। उद्घाटन समारोह नीरजा मोदी स्कूल ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा। इसमें देश-प्रदेश के विशिष्टजन, वरिष्ठ समाजसेवी एवं हजारों लोग भाग लेंगे। इस संबंध में परशुराम पीठ में पदाधिकारियों की बैठक कर अधिक से अधिक संख्या में समाज बंधुओं को कार्यक्रम में लाने का संकल्प लिया गया। इसमें देश-प्रदेश के विशिष्टजन, वरिष्ठ समाजसेवी एवं हजारों लोग भाग लेंगे। इस संबंध में परशुराम पीठ में पदाधिकारियों की बैठक कर अधिक से अधिक संख्या में समाज बंधुओं को कार्यक्रम में लाने का संकल्प लिया गया। आयोजन समिति को-ऑर्डिनेटर राष्ट्रीय महामंत्री पवन पारीक ने बताया कि इसके लिए जोनल अध्यक्ष राजेश कर्नल सहित 25 सदस्यों की आयोजन समिति गठित की गई है।

**'शिक्षा-संस्कार-रोजगार का त्रिवेणी संगम'** राजस्थान सरकार द्वारा आवंटित भूमि पर निर्मित यह छह मंजिला भवन शिक्षा, संस्कार एवं रोजगार को समर्पित रहेगा जिसमें वैदिक अनुसंधान केन्द्र, कन्या छात्रावास, प्रतियोगी परीक्षा प्रशिक्षण व कोचिंग कक्षाएं, कौशल विकास केन्द्र, ई-लाइब्रेरी, अतिथि गृह, सभागार एवं सांस्कृतिक गतिविधियां संचालित होंगी। इन गतिविधियों के संचालन के लिए 15 सदस्यीय संचालन समिति बनाई गई है जिसमें पूर्व पुलिस महानिदेशक ओमेन्द्र भारद्वाज चेयरमैन, राज्य कर्मचारी चयन बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष हरिप्रसाद शर्मा कार्यकारी चेयरमैन तथा सतीश चंद्र शर्मा सदस्य सचिव के रूप में सेवाएं देंगे।

**'साकार हुआ स्वप्निल प्रकल्प'** राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता एवं स्वजातीय गतिशीलता को समर्पित विप्र फाउंडेशन विगत 16 वर्षों से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर समाज सेवा के विविध क्षेत्रों में सक्रिय है। संस्था की लोकसेवी गतिविधियों को देखते हुए राजस्थान सरकार ने शिप्रा पथ, जयपुर पर भूमि आवंटित की थी जहां अब यह स्वप्निल प्रकल्प साकार हुआ है। 6 सितम्बर 2025 को उद्घाटन के साथ ही श्री परशुराम ज्ञानपीठ समाज हित की विविध गतिविधियों का संचालन प्रारंभ करेगा।

# जयपुर में खाटू श्याम बाबा की भव्य भजन संध्या - भक्तिमय माहौल में गूंजे भजनों के स्वर

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर



छोटी काशी कहे जाने वाला धार्मिक आस्था और भक्ति के रंगों से सराबोर जयपुर खाटू श्याम बाबा की एक भव्य भजन संध्या में मग्न हो उठा। आयोजन था एक श्याम बाबा श्याम के नाम जो राजस्थान की एकमात्र आरबीआई द्वारा मान्यता प्राप्त पेमेंट गेटवे कंपनी गेटीपे द्वारा किया गया, जो अपनी इस उपलब्धि को बाबा श्याम के चरणों में समर्पित करना चाहती थी। गेटीपे के संस्थापक, प्रवीण शर्मा और मुरलीधर शर्मा ने बताया कि शहर के रामबाग सर्किल स्थित वेदा बैंक्वेट हॉल में आयोजित इस भक्ति संध्या में सुप्रसिद्ध भजन गायक राजू खंडेलवाल 'सांवरिया बैठा है' और संजू शर्मा 'दीनानाथ मेरी बात' एवं 'ओजी ओ मिजाजी' जैसे भजनों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध करते रहे। उनके मधुर सुरों में डूबकर उपस्थित भक्तजन भक्ति-रस में सराबोर हो गए। गेटीपे के संस्थापक, प्रवीण शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि हम भी भारत के प्रधानमंत्री, नरेंद्र मोदी के मेक इन डिजिटल इंडिया को सहयोग करते हुए राजस्थान का पहला पेमेंट गेटवे लाये हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राष्ट्रीय कार्यकारी प्रमुख इंद्रेश कुमार, राजस्थान के उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, भारत सरकार के केंद्रीय विधि और न्याय (स्वतंत्र प्रभार) एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और संत समाज से बालमुकुंद आचार्य महाराज पधारे और भक्ति-भावना से ओत-प्रोत इस संध्या की गरिमा बढ़ाई। इस पावन अवसर पर श्रद्धालुओं ने इत्र वर्षा, छप्पन भोग और पुष्प वर्षा के बीच भजनों का आनंद लिया। वातावरण ऐसा लग रहा था मानो स्वयं श्याम बाबा अपने भक्तों को आशीर्वाद देने पधारे हों। संध्या का समापन प्रसाद वितरण के साथ हुआ, जिसमें हजारों की संख्या में उपस्थित भक्तों ने आशीर्वाद स्वरूप प्रसाद ग्रहण किया। जयपुर की इस भक्ति-मय संध्या ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि क्यों यह नगरी छोटी काशी कहलाती है–जहाँ भक्ति, संस्कृति और आस्था एक साथ मिलकर दिव्यता का अद्भुत संगम रचते हैं।

# जयपुर पुलिस का फिट इंडिया अभियानः-पुलिस अधिकारी एवं जवानों ने फिटनेस और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए की साइकिलिंग

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर




पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार जयपुर पुलिस कमिश्नरेट पर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ के नेतृत्व में रविवार सुबह बारिश के दौरान विषम परिस्थितियों में पुलिस अधिकारी एवं जवानों के साथ साइकिलिंग एवं योगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि फिट इंडिया मूवमेंट जिसकी शुरुआत प्रधानमंत्री ने की थी।

उन्होंने बताया कि फिट इंडिया अभियान के तहत फिटनेस को बढ़ावा देने एवं स्वास्थ्य के प्रति पुलिस जवानों में जागरूकता फैलाने के साथ- साथ फिटनेस को सभी नागरिकों के दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाना है। फिट इंडिया अभियान का मुख्य संदेश फिटनेस की डोज आधा घंटा रोज जिसे सभी तक पहुँचाया जाएगा। फिट इंडिया अभियान के तहत पुलिस कमिश्नरेट पर पुलिस अधिकारियों के साथ 700 जवानों ने योगाभ्यास किया। साथ ही पुलिस कमिश्नर जोसफ ने अमर जवान ज्योति से अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त पुष्पेंद्र सिंह सोलंकी के नेतृत्व में एक साइकिल दल को पुलिस आयुक्त श्री जोसफ ने हरी झंडी दिखाकर बीसलपुर के लिए रवाना किया। पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ के नेतृत्व में पुलिस कमिश्नरेट के सभी पुलिस अधिकारी एवं जवान ने कमिश्नरेट से साइक्लिंग शुरू करते हुए अजमेरी गेट,छोटी चौपड़,बड़ी चौपड़ होते हुए चारदीवारी में चक्कर लगा कर पुलिस कमिश्नरेट तक साइक्लिंग की गई। साइक्लिंग दल का जगह-जगह स्वागत किया गया। जिसमें अजमेरी गेट पहुँचने पर पुलिस के जवानों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। बड़ी चौपड़ पर भी साइक्लिंग दल का सीएलजी सदस्यों, व्यापारियों एवं आमजन ने पुष्प वर्षा एवं गर्मजोशी से उत्साहवर्धन करते हुए स्वागत किया। फिट अभियान में अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर यातायात एवं प्रशासन योगेश दाधीच, पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) राजेश कुमार कांवत, पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) हनुमान प्रसाद मीणा, पुलिस उपायुक्त (उत्तर) करण शर्मा, पुलिस उपायुक्त (यातायात) सुमित मेहरडा सहित पुलिस अधिकारी एवं पुलिसकर्मी

### आयुर्वेद आहार पर राष्ट्रीय सीएमई का आयोजन 25 अगस्त से 30 अगस्त 2025 तक चलेगा छह दिवसीय कार्यक्रम

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान (एनआईए), जयपुर द्वारा पहली बार आयुर्वेद आहार विषय पर एक विशेष राष्ट्रीय स्तरीय सतत चिकित्सा शिक्षा (सीएमई) कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 25 अगस्त से 30 अगस्त 2025 तक एनआईए परिसर में आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम आयुर्वेद आहार की खोज : पारंपरिक आहार पद्धतियों पर वैज्ञानिक दृष्टिकोण विषय पर आधारित होगा। जिसका उद्देश्य है पारंपरिक आयुर्वेदिक आहार सिद्धांतों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से समझना, उनके पोषण संबंधी लाभों का अध्ययन करना तथा उन्हें समकालीन चिकित्सा पद्धतियों में सम्मिलित करने के संभावित उपायों पर विचार-विमर्श करना। यह आयोजन संयुक्त रूप से राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के रसशास्त्र एवं भैषज्य कल्पना विभाग एवं स्वस्थवृत्त एवं योग विभाग द्वारा आयुर्वेद से जुड़े चिकित्सकों, शिक्षकों, वैज्ञानिकों एवं शोधकर्ताओं के लिए आयोजित किया जा रहा है। जिसमे आयुर्वेद आहार से संबंधित शास्त्रीय ज्ञान, आधुनिक वैज्ञानिक विश्लेषण, और प्रयोगात्मक उपयोग पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। साथ ही स्वास्थ्य संवर्धन एवं रोग निवारण में पथ्य कल्पना की भूमिका पर विशेषज्ञ व्याख्यान, आयुर्वेद आहार की प्रभावी औषधीय रूपों को आधुनिक बाजार में अपनाने की संभावनाएं, विश्लेषण के लिए प्रयुक्त वैज्ञानिक उपकरण और तकनीकें, प्राकृतिक रंगों का प्रयोग, शेल्फ लाइफ और सुरक्षा मानकों की समीक्षा आयुर्वेद आहार उत्पादों की डिजाइनिंग, पोषण मूल्यांकन और पैकेजिंग समाधान, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय खाद्य मानक और नियमों की जानकारी, वैश्विक स्तर पर आयुर्वेद आहार की व्यावसायिक संभावनाओं के साथ और भी कई महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम के दौरान एक विशेष प्रदर्शनी का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के रसशास्त्र एवं भैषज्य कल्पना विभाग एवं स्वस्थवृत्त एवं योग विभाग द्वारा आयुर्वेद से बनाए जा रहे।

राजस्थान प्रौढ़ शिक्षण समिति में होगा आयोजन

## ग्रासरूट मीडिया फाउंडेशन की ओर से पुस्तक विमोचन कार्यक्रम कल

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर




ग्रासरूट मीडिया फाउंडेशन की ओर से 26 अगस्त को पुस्तक विमोचन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसमे दो पुस्तकों का विमोचन किया जाएगा। यह आयोजन झालाना संस्थानिक क्षेत्र स्थित राजस्थान प्रौढ़ शिक्षण समिति के सेमिनार हॉल में होगा। ग्रासरूट मीडिया फाउंडेशन के प्रमोद शर्मा ने बताया कि 26 अगस्त की शाम पांच बजे यह कार्यक्रम आयोजित होगा। इसमे डॉ कैलाश पारीक खण्डेला द्वारा सन्त कवि शिवदीन के साथ बिताए क्षणों की स्मृतियों की पुस्तक सन्तां साथै अधघड़ी और डॉ सुरेश के.वर्मा द्वारा लिखित पुस्तक भारत का संविधान के विमोचन के साथ ही उन पर चर्चा भी की जाएगी। प्रसिद्ध संविधान विशेषज्ञ लक्ष्मीनारायण भाला इस अवसर पर मुख्य वक्ता होंगे। विश्व हिन्दू परिषद् के केन्द्रीय मंत्री और अखिल भारतीय सेवा प्रमुख अजेय कुमार पारीक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। डॉ कैलाश पारीक खण्डेला की पुस्तक सन्तां साथै अधघड़ी में संत कवि शिवदीन जी के साथ बिताए क्षणों की स्मृतियों के साथ साथ आध्यात्मिक अनुभव और उनके विचार भी शामिल है। वहीं भारत का संविधान पुस्तक में संविधान के विभिन्न पहलुओं पर विचार प्रस्तुत किए गए है। मुख्य अतिथि लक्ष्मीनारायण भाला राष्ट्रीय पत्रकारिता कल्याण न्यास, मुंबई के न्यासी, रामायण रिसर्च काउंसिल, दिल्ली,सीतामढ़ी. हिन्दी साहित्य भारती (वैश्विक) झांसी/दिल्ली से भी जुड़े हुए है। भारत अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक केंद्र, गुरुग्राम. न्यूज़ एशिया बहुभाषी संवाद समिति, सिलीगुड़ी. मासिक पत्रिका- जाह्नवी, पाक्षिक पत्रिका:चाणक्य वार्ता के संरक्षक है। उन्हें मारवाड़ी, मराठी, हिन्दी, बंगाली, नेपाली, असमीया, अंग्रेजी तथा संस्कृत भाषाओं के साथ ओडिया एवं गुजराती लिपियों क ।
ज्ञान है।

भाला नेपाली सांस्कृतिक परिषद द्वारा भानु भक्त नेपाली गोरखा मित्र तथा समरसता पुरस्कार 2019 अध्ययन एवं अनुसंधान पीठ, भारत द्वारा शिक्षा विभूषण 2020 तथा कोलकाता के विचार मंच द्वारा आचार्य विष्णुकांत शास्त्री प्रतिभा सम्मान 2021. रचनाकार द्वारा दिनकर साहित्य शिरोमणि सम्मान 2024 से

# रंग ला रहा है राजस्थान पुलिस का सशक्त नारी, जिम्मेदारी हमारी अभियान

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

राजस्थान पुलिस के तत्वावधान में महिला सुरक्षा और जागरूकता को नई दिशा देने के लिए चलाए जा रहे सशक्त नारी, जिम्मेदारी हमारी अभियान के तहत रविवार को राजधानी में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत रविवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता मीणा के नेतृत्व में कालिका महिला पेट्रोलिंग टीम ने जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी में छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए और सेल्फ डिफेंस का लाइव डेमो प्रस्तुत किया। साथ ही, उन्हें राजकॉप सिटीजन ऐप और महिला हेल्पलाइन की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम के बाद पुलिस टीम ने वॉक एंड टॉक के जरिए विधानी चौराहा, पीजी हॉस्टल, राजस्थान यूनिवर्सिटी हॉस्टल और अल्बर्ट हॉल पर महिलाओं, बच्चियों और आम नागरिकों से संवाद कर सुरक्षा और आत्मविश्वास का संदेश दिया। अभियान की खास झलक अल्बर्ट हॉल पर देखने को मिली, जहां नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सशक्त नारी, जिम्मेदारी हमारी विषय पर शानदार नाट्य प्रस्तुति दी गई। इस नाटक को उपस्थित दर्शकों ने खूब सराहा और महिला सुरक्षा के प्रति सजग रहने का संकल्प लिया।




**'सिर्फ पुलिस नहीं, समाज की भी जिम्मेदारी'** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता मीणा ने कहा कि महिला सुरक्षा केवल पुलिस की नहीं बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी है। हमारा उद्देश्य है कि बेटियाँ आत्मनिर्भर बनें, डर की बजाय आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें। हर नागरिक जागरूक होगा तो ही सुरक्षित वातावरण तैयार किया जा सकेगा। पार्कों एवं बस्तियों में कार्यक्रम का आयोजन कर महिलाओं सुरक्षा की जनचेतना एवं संवाद किया जयपुर पुलिस ने महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित एवं प्रभावी करने के लिए शुरू किये गए विशेष साप्ताहिक अभियान सशक्त नारी, जिम्मेदारी हमारी के तहत महिला पुलिस अधिकारी लगातार हो रही बारिश के मौसम में भी शहर के विभिन्न इलाकों में जाकर महिलाओं को उनके कानूनों की जानकारी देकर उन्हें अपने अधिकारों के बारे में जागरूक किया। जयपुर पुलिस पिछले पांचवें दिनों में शहर की पच्चीस स्कूल एवं कॉलेज में जाकर हजारो बालिकाओं को उनके अधिकारों एवं कानूनों बारे में बता कर जागरूक किया। सैकड़ों बालिकाओं को सुरक्षा वॉरियर के रूप में भी चयन किया साथ ही उन्होंने महिला सुरक्षा कानूनों के प्रति जागरूक रहने की शपथ दिलायी। कार्यक्रम में उपस्थित बालिकाओं को सेफ्टी वॉरियर बैज का वितरण किया एवं राजकोप व नीड हेल्प एप की भी जानकारी व डाउनलोड करवाया। पुलिस ने बालिकाओं से आह्वान किया हर बालिका को सेल्फ डिफेंस आना चाहिए। अभियान के पांचवें दिन ''सशक्त नारी ज़िम्मेदारी हमारी'' विशेष अभियान के तहत शहर के अलग-अलग इलाकों में महिला पुलिस अधिकारी एवं महिला पुलिस कार्मिक जाकर हजारों बालिकाओं एवं महिलाओं को एवं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सैकड़ों अध्यापिकाओं, बालिकाओं व बच्चों को महिला सुरक्षा, कानूनों एवं अधिकारों की जानकारी देते हुए जागरूक से किया एवं सेल्प डिपेन्स का लाइव डेमो दिखाकर जागरूक किया। जिसमें बालिकाओं एवं महिलाओं ने भारी संख्या में बढ-चढकर भाग लिया एवं उत्साह देखने को मिला। सशक्त नारी जिम्मेदारी हमारी अभियान के तहत पुलिस थाना इलाकों के पार्क, बस्ती में कार्यक्रम का आयोजन कर महिलाओं से संवाद कर राजकॉप सिटीजन एप डाउनलोड करवा कर उपयोग करने के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई एवं साइबर क्राइम,सिक्योरिटी सोशल

### जयपुर नगर निगम उपचुनाव - भानु सैनी को कांग्रेस प्रत्याशी घोषित करने पर माली-सैनी समाज के लोगों ने विधायक काग़ज़ी का किया आभार व्यक्त



■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

जयपुर नगर निगम उपचुनाव वार्ड संख्या 63 से कांग्रेस प्रत्याशी भानु सैनी को घोषित करने पर रविवार को माली - सैनी समाज के लोगों ने किशनपोल विधानसभा क्षेत्र के विधायक अमीन काग़ज़ी का माला साफा पहनाकर स्वागत, अभिनंदन एवं आभार व्यक्त किया गया। इस कार्यक्रम में राजस्थान प्रदेश माली-सैनी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष छुट्टन लाल सैनी , महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय संस्थान के अध्यक्ष अनुभव चंदेल, ओबीसी कांग्रेस के जयपुर शहर जिला अध्यक्ष रेंद्र मारवाल, महासभा के उपाध्यक्ष मनोज अजमेरा, बाबूलाल सैन, कोषाध्यक्ष किशन सैनी, गणेश सैनी, मंगल सिंह सैनी , राष्ट्रीय फुले ब्रिगेड के संयोजक पुष्पेंद्र कुमार सैनी, जितेंद्र सैनी, कैलाश चंद सैनी , मदन मोहन सैनी , दीपक अग्रवाल , अरविंद कुमावत, अभिषेक यादव,शख़ील अहमद , दिव्यांशु सैनी , प्रीतम सैनी सहित सर्व समाज के प्रतिनिधिमंडल एवं प्रबुद्ध गणमान्य लोगों द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया।

### भोजन और मां की तलाश में रिहायशी इलाके में पहुंचे बारह महीने के लेपर्ड को किया ट्रेंकुलाइज



■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

राजधानी जयपुर के गोपालपुरा पुलिया के नजदीक भोजन और मां की तलाश में वन क्षेत्र से भटक कर पहुंचे लेपर्ड को वन विभाग की टीम ने रविवार को ट्रेंकुलाइज कर लिया है। लेपर्ड की उम्र बारह महीने की है। वहीं अब एमएनआईटी कैंपस में घूम रही दूसरी लेपर्ड की तलाश शुरू की गई है। क्षेत्रीय वन अधिकारी जितेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि गोपालपुरा पुलिया के नजदीक पहुंचे लेपर्ड को सफल तरीके से रविवार को ट्रेंकुलाइज कर लिया गया है। लेपर्ड मेल है जिसकी बारह महीने की है। जो फिलहाल पूरी तरह से सकुशल है। जिसे एक्सपर्ट की निगरानी में झालाना लेपर्ड रिजर्व में रखा गया है। वहीं अब उसकी मां को पकड़ने की भी तैयारी की जा रही है। जिसका पिछले कुछ वक्त से एमएनआईटी परिसर में मूवमेंट है। उम्मीद है कि लेपर्ड भोजन और मां की तलाश में भटक कर गोपालपुरा पुलिया तक पहुंच गया था। गौरतलब है कि जयपुर के गोपालपुरा पुलिया के नजदीक एक फैक्ट्री में गत दिनों पहले लेपर्ड मूवमेंट की जानकारी मिली थी। इसके बाद मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने फैक्ट्री एरिया में सर्च ऑपरेशन शुरू किया था। लेकिन लेपर्ड नहीं मिल सका था और फिर मौके पर पिंजरा लगाया गया था। इसके बाद वन विभाग की टीम को लेपर्ड के फुटप्रिंट फैक्ट्री एरिया से बाहर जाते हुए मिले। इसके बाद वन विभाग की टीम ने स्मृति वन, जलधारा और एमएनआईटी परिसर में भी सर्च ऑपरेशन शुरू

### चार आईपीएस अधिकारियों के तबादले और छह ट्रेनी आईपीएस को दी पोस्टिंग

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

राज्य सरकार ने रविवार भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के चार अधिकारियों के तबादले किए हैं। वहीं छह ट्रेनी आईपीएस को भी पोस्टिंग दी है। दो आईपीएस को जयपुर पुलिस कमिश्नरेट में लगाया गया है। जारी आदेश के अनुसार जोधपुर कमिश्नरेट में तैनात एसीपी हेमंत कलाल को जयपुर कमिश्नरेट में एडिशनल डीसीपी (पूर्व) और आईपीएस उषा यादव को एएसपी पाली को जयपुर कमिश्नरेट में एसीपी (चौमूं) के पद पर लगाया गया है। वहीं जालोर के सांचौर में तैनात आईपीएस अधिकारी कांबले शरण गोपीनाथ को अलवर शहर में एडिशनल एसपी के पद पर लगाया गया है। सीकर के नीमकाथाना में तैनात आईपीएस अधिकारी रोशन मीणा को जोधपुर कमिश्नरेटमें एडिशनल डीसीपी (पश्चिम) लगाया गया है।

**'इसके अलावा छह ट्रेनी आईपीएस'** प्रतीक सिंह को सहायक पुलिस आयुक्त जोधपुर पूर्व पुलिस कमिश्नरेट जोधपुर,माधव उपाध्याय सहायक पुलिस अधीक्षक वृत्त भीलवाडा सदर जिला भीलवाडा,जतिन जैन सहायक पुलिस अधीक्षक वृत्त नागौर जिला नागौर, अजय सिंह राठौर सहायक पुलिस अधीक्षक वृत्त किशनगढ़ जिला अजमेर,आशिमा सहायक पुलिस अधीक्षक वृत्त मावली जिला उदयपुर और पाटील अभिजीत तुलसीराम सहायक पुलिस अधीक्षक वृत्त राजगढ जिला चूरू को पोस्टिंग दी गई है।

राजस्थान पुलिस का संडेज ऑन साइकिल अभियानः 17 हजार 200 से अधिक लोगों ने लिया हिस्सा

# फिटनेस और एकता की मिसाल- राज्य पुलिस के नेतृत्व में 'फिट इंडिया' को मिला बढ़ावा

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर






राजस्थान पुलिस ने राज्यव्यापी संडेज ऑन साइकिल अभियान का एक विशेष संस्करण रविवार को आयोजित किया। इस आयोजन में पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों और आम नागरिकों सहित 17 हजार 200 से अधिक लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अभियान का उद्देश्य लोगों को फिटनेस की डोज आधा घंटा रोज का संदेश देना है और यह फिट इण्डिया मूवमेन्ट का एक हिस्सा है, जिसे 2019 में माननीय प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किया गया था। यह आयोजन खेलो इंडिया पहल का विस्तार है, जिसे 17 दिसंबर 2024 को खेल और युवा मामलों के मंत्री द्वारा शुरू किया गया था। माननीय प्रधानमंत्री ने मन की बात के 117वें एपिसोड में भी इस पहल को मान्यता दी थी। इस आयोजन में साइकिलिंग के अलावा कई अन्य फिटनेस गतिविधियां भी शामिल थीं, जैसे योग, जुम्बा, रन और रोप स्किपिंग, जिसने आम जनता का उत्साह बढ़ाया। राजस्थान के विभिन्न जिला मुख्यालयों और पुलिस इकाइयों में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया।

**'आयुक्तालय—जयपुर रेंज'** जयपुर आयुक्तालय, जयपुर ग्रामीण, आरएसी और आरपीए में 1900 से अधिक लोगों ने भाग लिया। जयपुर रेंज के अन्य जिले अलवर, भिवाड़ी, दौसा, सीकर, खैरथल, कोटपूतली और झुंझुनू जिलों, साथ ही अलवर पुलिस प्रशिक्षण संस्थान में 2100 से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया।

**'आयुक्तालय—जोधपुर रेंज'** जोधपुर आयुक्तालय, जीआरपी, प्रशिक्षण संस्थान, जोधपुर ग्रामीण और आरएसी में 2200 से अधिक लोगों ने भाग लिया। जोधपुर रेंज के अन्य जिले बाड़मेर, जैसलमेर, फलोदी, बालोतरा, पाली, जालौर और सिरोही जिलों में 1000 से अधिक लोग शामिल हुए।

**'अजमेर और भरतपुर रेंज'** अजमेर पुलिस, जीआरपी और आरएसी में 300 से अधिक लोग शामिल हुए। अजमेर रेंज के अन्य जिले किशनगढ़ प्रशिक्षण संस्थान, भीलवाड़ा, ब्यावर, टोंक, नागौर, डीडवाना जिलों और आरएसी में 2100 से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया। भरतपुर पुलिस, आरएसी और प्रशिक्षण संस्थान में 700 से अधिक लोगों ने भाग लिया। भरतपुर रेंज के अन्य जिले धौलपुर, करौली, हिंडौन, सवाई माधोपुर, डीग और पहाड़ी प्रशिक्षण संस्थान में 1600 से अधिक लोग शामिल हुए।

**'बीकानेर—कोटा और उदयपुर रेंज'** बीकानेर पुलिस, आरएसी और प्रशिक्षण संस्थान में 1050 से अधिक लोगों ने भाग लिया। बीकानेर रेंज के अन्य जिले श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ और चूरू जिले के 900 से अधिक लोग शामिल हुए।कोटा शहर, ग्रामीण पुलिस और आरएसी के 300 से अधिक लोग शामिल हुए। कोटा रेंज के अन्य जिले झालावाड़, बारां व बूंदी जिलों और झालावाड़ प्रशिक्षण संस्थान में 1250 से अधिक लोगों ने भाग लिया। उदयपुर पुलिस के 150 से अधिक लोग शामिल हुए। उदयपुर रेंज के अन्य जिले राजसमंद, चित्तौड़गढ़, बांसवाड़ा, डूंगरपुर, प्रतापगढ़, सलूंबर जिलों, साथ ही एमबीसी खेरवाड़ा और एमबीसी डूंगरपुर में 1650 से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया। इस आयोजन ने यह साबित कर दिया कि फिटनेस को लेकर जागरूकता बढ़ रही है और लोग इसे अपने जीवन का हिस्सा बनाने के लिए तैयार हैं।

### सशक्त नारी—जिम्मेदारी हमारी अभियान -छात्राओं को सेल्फ डिफेंस डेमो दिखाया और आत्मरक्षा के गुर सिखाए



■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

सशक्त नारी–जिम्मेदारी हमारी अभियान के तहत रविवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता मीणा एवं उनकी कालिका महिला पेट्रोलिंग टीम ने जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी में छात्राओं को सेल्फ डिफेंस डेमो दिखाया और आत्मरक्षा के गुर सिखाए। इस दौरान छात्राओं को राजकोप सिटीजन ऐप और महिला हेल्पलाइन की जानकारी भी दी गई। इसके बाद टीम ने शहर के विभिन्न स्थानों - विधानी चौराहा, पीजी हॉस्टल, राजस्थान यूनिवर्सिटी हॉस्टल और अल्बर्ट हॉल पर वॉक एंड टॉक कार्यक्रम आयोजित किया। महिलाओं, बच्चियों और आम नागरिकों से संवाद कर उन्हें जागरूक किया गया। अल्बर्ट हॉल पर नुक्कड़ नाटक के जरिए सशक्त नारी, जिम्मेदारी हमारी विषय पर विशेष प्रस्तुति दी गई, जिसे उपस्थित लोगों ने सराहा। अंत में गौरव टावर पर आम नागरिकों के सामने सेल्फ डिफेंस डेमो प्रस्तुत किया गया, जिसे देखने वालों ने खूब प्रशंसा की।

**'गौरव टावर पर विशेष सेल्फ डिफेंस डेमो प्रोग्राम आयोजित'** वहीं सशक्त नारी, जिम्मेदारी हमारी अभियान के तहत रविवार को गौरव टावर पर विशेष सेल्फ डिफेंस डेमो प्रोग्राम आयोजित किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता मीणा और उनकी कालिका महिला पेट्रोलिंग टीम ने आम नागरिकों के बीच आत्मरक्षा के विभिन्न गुर प्रदर्शित किए। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे और महिला पुलिसकर्मियों द्वारा दिखाए गए डिफेंस तकनीक की सराहना की। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम महिलाओं और युवतियों में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ-साथ समाज में सुरक्षा और जागरूकता का संदेश भी देते हैं।

## रक्तदान शिविरों में लोगों में दिखा भारी उत्साह बीस शिविरों में सैकड़ों लोगों ने किया रक्तदान

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

ब्रह्माकुमारीज़ की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की 18वीं पुण्य स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में जयपुर में बनीपार्क, बापू नगर, अर्जुन नगर, शास्त्री नगर, मुरलीपुरा, विद्याधर नगर, निवारू, चोमू सहित अलग-अलग स्थानों पर 20 रक्तदान शिविर आयोजित किए गए। इनमें करीब हजार यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, वहीं कुछ स्थानों पर अभी भी शिविरों का आयोजन जारी है। वहीं रविवार को वैशाली नगर स्थित राजयोग भवन में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 150 लोगों ने रक्तदान कर विश्व बंधुत्व का संदेश दिया। रक्तदान को लेकर सुबह से ही लोगों में खासा उत्साह देखा गया। युवाओं से लेकर 60 वर्ष के महिला-पुरुषों ने उत्साह के साथ रक्तदान किया। शिविर के शुभारंभ पर नगर निगम ग्रेटर की महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने रक्तवीरों को सर्टिफिकेट देकर उनका उत्साह बढ़ाया। इस दौरान महापौर गुर्जर ने कहा कि रक्तदान महादान है। इससे देने का भाव उत्पन्न होता है। हर व्यक्ति को इस पुनीत कार्य में अपना योगदान देना चाहिए। ब्रह्माकुमारीज़ का यह आयोजन सामाजिक संदेश देने वाला है। जयपुर जिला प्रमुख रमा चोपड़ा ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज़ अध्यात्म के साथ-साथ सामाजिक सरोकार के कार्य भी कर

### नहर के गणेश जी महाराज का आज ध्वज पूजन कर दो दिन चौला व श्रृंगार प्रारंभ, मंगलवार को सिंजारा महोत्सव में लहरिया पोशाक के साथ असंख्य मोदकों की झांकी सहित मेहंदी व सिन्दूर होगा वितरण

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

ब्रह्मपुरी माउंट रोड़ पर स्थित नगर के अति प्राचीन दाहिनी सूँड दक्षिण मुखी नहर के गणेश जी महाराज के मंदिर में हर वर्ष की भाँति इस वर्ष त्रिदिवसीय श्री गणेश जन्मोत्सव 26, 27 और 28 अगस्त 2025 को विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के साथ मनाया जाएगा । मंदिर युवाचार्य पंडित मानव शर्मा ने बताया कि यह त्रि-दिवसीय गणेश जन्मोत्सव मंदिर महंत पंडित जय शर्मा के सान्निध्य में सम्पन्न होगा ।वहीं उत्सव से पूर्व के व उत्सव के अनुष्ठान निम्नानुसार सम्पन्न होंगे। 25 अगस्त को मंदिर महंत पंडित जय शर्मा के सान्निध्य में मंदिर परिवार उत्सव के लिए ध्वज पूजन करके उसे स्थापित करेंगे तथा 25 अगस्त की प्रातः से 26 अगस्त को सायं 5 बजे तक गणपति के नवीन चौला व श्रृंगार के लिए पारंपरिक रूप से 2 दिन पट मंगल रहेंगे। इस दौरान प्रभु गणपति के चित्र



का पूजन एवं उतरे हुए चौले का दर्शन भक्तजन मंदिर समयानुसार बाहर के जगमोहन में कर सकेंगे। वहीं 26 अगस्त को सायं 5 बजे से 28 अगस्त तक त्रि-दिवसीय जन्मोत्सव मनाया जाएगा। जिसमें 26 अगस्त को सायं 5 बजे सिंजारा महोत्सव में गणपति के नवीन श्रृंगार के दर्शन भक्तजन कर सकेंगे। इस अवसर पर गणपति को विशेष रूप से बनाई गई लहरिया पोशाक व साफा धारण कराकर असंख्य मोदक झाँकी सजाई जाएगी । जिसमें बड़े - छोटे सभी प्रकार के मोदकों को प्रभु को अर्पित किए जाएँगे । तत्पश्चात गणपति को मेंहदी अर्पित कर पूजन व आरती होगी एवं सायं 5.30 से श्री प्रेम भाया सत्संग मण्डल जयपुर के विजय किशोर शर्मा एवं दीपक शर्मा द्वारा भजनों की सरस प्रस्तुति से देर रात्रि तक सिंजारा मनाया जाएगा।

इस पावन अवसर पर आने वाले भक्तजनों को सौभाग्य वर्धक मेंहदी एवं सुख - समृद्धि दायक नवीन चौले की सिन्दूर का वितरण किया जाएगा । मुख्य आयोजन 27 अगस्त को श्री गणेश चतुर्थी का मुख्य पर्व प्रातः मंगला आरती 5 बजे से प्रारंभ होगा। जिसमें महंत परिवार द्वारा प्रातः गणपति की पूजा अर्चना करके विशेष रूप से बनाई गई

## केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने किया सीएचसी का शिलान्यास

### सरकार ने अपने कार्यकाल में कई अभूतपूर्व कार्य किए हैं और आगे भी प्रदेश के विकास के लिए निरंतर कार्य करेंगेः केंद्रीय पर्यावरण मंत्री

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री एवं अलवर सांसद भूपेंद्र यादव रविवार को कोटपूतली-बहरोड़ जिले के दौरे पर रहे। यादव ने इस दौरान नीमराना के माजरीकलां कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के नए भवन का शिलान्यास किया। इस दौरान बहरोड़ विधायक डॉ. जसवंत सिंह यादव एवं डीसीए अध्यक्ष मोहित यादव सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि व आमजन उपस्थित रहे। यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार का प्रमुख उद्देश्य चिकित्सा और शिक्षा के क्षेत्र में आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। देश की प्रगति तभी संभव है जब गांव और दूर-दराज के इलाकों में रहने वाले लोगों को बुनियादी स्वास्थ्य सेवाएं समय पर मिलें, इसके लिए सरकार निरन्तर प्रयासरत है। यह स्वास्थ्य केन्द्र माजरी कलां सहित आसपास के दर्जनों गांवों के निवासियों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराएगा जिससे क्षेत्रवासियों को सामान्य बीमारी के इलाज के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। सीएचसी के निर्माण का कार्य शीघ्र पूर्ण कर दिया जाएगा। यादव ने कहा कि राजस्थान में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सरकार हर क्षेत्र में बेहतर काम कर रही है। स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क और जल आपूर्ति जैसे मूलभूत क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हो रही है। उन्होंने कहा कि खेल मैदान के प्रस्ताव को शीघ्र की उचित स्तर पर भेजेंगे जिससे कि स्थानीय लोगों को लाभ मिले। उन्होंने कहा कि सरकार ने अपने अब तक के कार्यकाल में कई अभूतपूर्व कार्य किए है, उन्होंने आश्वासन दिया कि अपने कार्यकाल में सरकार सतत रूप से प्रदेश और क्षेत्र के विकास के लिए कार्य करेगी।विधायक डॉ. जसवंत यादव ने भी सरकार की योजनाओं की जानकारी दी और कहा कि बहरोड़ विधानसभा क्षेत्र में विकास की नई इबारत लिखी जा रही है।



# पत्नी की हत्या कर पति के भागा

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

रामनगरिया थाना इलाके में पत्नी की हत्या कर पति के भागने का मामला सामने आया है। जानकारी में सामने आया कि कमरे में बेड पर महिला की लाश पड़ी मिली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मृतक के मामा की ओर से हत्या का मामला दर्ज कर हत्यारे पति की तलाश शुरू कर दी है। वहीं पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस ने बताया कि उत्तर प्रदेश के मथुरा निवासी पूजा जाटव (27) की हत्या हुई है। जिसके माता-पिता की कई साल पहले मौत हो चुकी है। पुलिस ने बताया कि उत्तर प्रदेश के मथुरा निवासी पूजा जाटव (27) की हत्या हुई है। जिसके माता-पिता की कई साल पहले मौत हो चुकी है। उसके बाद वह अपने मामा लाला राम के साथ रह रही थी। साल-2017 में उसकी शादी अमित कुमार से हुई थी। पति अमित के साथ दिल्ली में रहने के दौरान झगड़े होने लगे। पति अमित के पास अपने बेटे को छोड़कर वह जयपुर आकर रहने लगी। करीब पिछले तीन साल से रामनगरिया इलाके में अलग-अलग जगह पर पूजा किराए से रह रही थी। वह मजदूरी कर अपना जीवन यापन करती थी। उसका पति अमित कभी-कभार उससे मिलने जयपुर आया करता था। तीन महीने पहले अपनी मर्जी से उत्तर प्रदेश के अमरोहा निवासी करनपाल से शादी कर ली। दूसरी शादी करने के बाद वह पति करनपाल के साथ रह रह रही थी।तीन महीने पहले अपनी मर्जी से उत्तर प्रदेश के अमरोहा निवासी करनपाल से शादी कर ली। दूसरी शादी करने के बाद वह पति करनपाल के साथ रह रह रही थी। करनपाल व पूजा ने महज तीन दिन पहले ही रामनगरिया के अतिस्या विहार में किराए पर कमरा लिया था। 19 अगस्त से ही दंपती किराए पर लिए कमरे में आकर रहने लगे थे। 22 अगस्त को सुबह पूजा ने खाना बनाया था। पड़ोसियों ने सुबह तक दोनों को हंसी-खुशी साथ में देखा था। दोपहर बाद थैला लेकर कमरे से निकल करनपाल को भागते हुए जाते देखा गया। पड़ोसियों ने करनपाल के भागते हुए जाने के बारे में मकान मालिक को बताया। शक पर मकान मालिक के जाकर देखने पर कमरे का खुला हुआ था। चारपाई पर मृतावस्था में पूजा पड़ी हुई थी। कमरे में लाश पड़े होने का पता चलने पर पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सबूत जुटाए। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए शव को हॉस्पिटल की मोर्चरी भिजवाया। पूजा की मौत को लेकर जांच की जा रही है। मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। चारपाई पर पूजा को मृतावस्था में छोड़कर भागने के कारण अभी तक पति करनपाल पर हत्या का शक है। इसके चलते मृतक के मामा लालाराम ने पति करनपाल के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करवाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण का खुलासा

## तेजाजी ध्वज यात्रा सुरसुरा थान पर पहुंच हुआ ध्वज स्थापना

# 125वीं जयंती तेजाजी महोत्सव से पहले सोडाला से तेजाजी ध्वज यात्रा रवाना

- जयपुर में उमड़ा आस्था का सैलाब, तेजाजी ध्वज यात्रा का जगह-जगह स्वागत
- भक्तों ने की खुशहाली की कामना

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर







राजधानी जयपुर के मुख्य सोडाला स्थित पुराने तेजाजी मंदिर से रविवार को धार्मिक ध्वज यात्रा गांजे-बांजे के साथ सुरसुरा (किशनगढ़, अजमेर) के लिए रवाना हुई। इस यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए और लोक देवता वीर तेजाजी की निर्वाण स्थली सुरसुरा पहुंचकर ध्वज स्थापित किया गया। मंदिर पुजारी मूलचंद शर्मा ने बताया कि आगामी 2 सितम्बर 2025 को मंदिर परिसर में 125वां तेजाजी जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इसके तहत विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। उसी क्रम में रविवार को ध्वज यात्रा का आयोजन किया गया। ध्वज यात्रा से पूर्व संत-महंतों और पुजारियों की उपस्थिति में विधिवत ध्वज पूजा की गई। इसके बाद यात्रा बस द्वारा रवाना हुई, जिसका जगह-जगह पुष्पवर्षा से स्वागत किया गया। ध्वज यात्रा सुरसुरा तेजाजी थान पहुंची, जहां ध्वज स्थापना कर देश-प्रदेश की खुशहाली और जीव-जंतुओं की रक्षा की कामना की गई। इसके उपरांत सैकड़ों श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की गई। गौरतलब है कि सुरसुरा वह पवित्र स्थल है, जहां वीर तेजाजी ने गायों की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्यौछावर किए थे और साँप के काटने से उनका बलिदान हुआ था। यह स्थल आज भी तेजाजी भक्तों के लिए प्रमुख तीर्थ है, जहां भाद्रपद मास की तेजा दशमी पर विशाल मेला

## महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में सक्रिय योगदान देने वाली 51 ख्यातिलब्ध विभूती द क्राउन अवार्ड से सम्मानित



■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

राजधानी जयपुर के न्यू सांगानेर रोड स्थित लक्ष्मी निवास काफिला लॉन्ज के सभागार में एस आर प्रोडक्शन द्वारा महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में सक्रिय योगदान देने वाली ख्यातिलब्ध विभूतियां सम्मानित करने के उद्देश्य से द क्राउन सेरेमनी समारोह 2025 का भव्य आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि सिविल विधायक व अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार सामाजिक न्याय संगठन राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष ब्रजेश पाठक रहे। जिन्होंने दीप प्रजोलन कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की। कार्यक्रम आयोजक व एस आर प्रोडक्शन संस्थापक और चेयरपर्सन शिम्पी रंधावा ने बताया कि आयोजित कार्यक्रम में 51 ख्यातिलब्ध विभूतियों को द क्राउन अवॉर्ड सम्मान पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। शिम्पी ने बताया इस कार्यक्रम के माध्यम से हम समाज की प्रतिभाशाली महिलाओं को एक खास मंच देना चाहते हैं। ताकि महिलाएं आगे बढ़कर अपना और अपने परिवार का



नाम रोशन कर सके और खुद सेल्फ डिफेंड होकर अपने सपनों को पूरा कर सके। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि जितेंद्र भारद्वाज, यशवंत तंवर विजेंद्र सिंह रणजीत रणजीत तंवर गजेन्द्र लूनीवाल और राजेंद्र सैनी रहे। कार्यक्रम का मैनेजमेंट आई बी सी सी हीलिंग एंड कुलवंत सिंह शेखावत द्वारा किया गया। कार्यक्रम में टीना शर्मा, कुलदीप कौर सहित एस आर प्रोडक्शन टीम का सहयोग रहा।

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जम्मू के अस्पताल में बाढ़ पीड़ितों से मुलाकात की



■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने यहां सरकारी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) अस्पताल जाकर किश्तवाड़ जिले में एक सुदूर गांव में अचानक आई बाढ़ में घायल हुए लोगों का हालचाल जाना। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सिंह के साथ जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा भी थे। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली से यहां पहुंचने के बाद मंत्री सीधे जम्मू अस्पताल पहुंचे और वहां इलाज करा रहे 16 लोगों से मुलाकात की। गत 14 अगस्त को चिशोती गांव में बादल फटने से 65 लोगों की मौत हो गई थी और 100 से अधिक घायल हो गये थे। तब से लापता 32 लोगों का अब तक पता नहीं चल पाया है। अधिकारियों ने बताया कि सिंह को मचैल माता मंदिर के रास्ते में पड़ने वाले अंतिम गांव चिशोती भी जाना था, लेकिन खराब मौसम के कारण यह दौरा रद्द कर दिया गया। उन्होंने बताया कि सिंह अब दिल्ली लौटने से पहले राजभवन जाएंगे। अधिकारियों ने बताया कि डॉक्टरों की एक टीम ने मंत्री को अपने इलाज के बारे में जानकारी दी।

## वोटर अधिकार यात्रा : अररिया में राहुल और तेजस्वी ने केंद्र व चुनाव आयोग पर साधा निशाना

# भाजपा का पार्टनर बन चुका है चुनाव आयोग, बिहार में वोट चोरी नहीं होने देंगे : राहुल गांधी

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी इन दिनों बिहार में अपनी वोटर अधिकार यात्रा में हैं। इस क्रम में उन्होंने रविवार को दावा करते हुए कहा कि वे किसी हाल में बिहार में वोटों की चोरी नहीं होने देंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग भाजपा की पार्टनर बन चुका है। अररिया में आज इंडिया गठबंधन की संयुक्त प्रेस वार्ता में कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने कहा कि इस यात्रा की सफलता यह साबित करती है कि बिहार के करोड़ों लोग वोट चोरी की बात को सच मान रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि इस यात्रा में लोग खुद जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग का काम सही वोटर लिस्ट देने का होता है, लेकिन हरियाणा, महाराष्ट्र और कर्नाटक में उन्होंने ऐसा नहीं किया। चुनाव आयोग का व्यवहार बिहार में भी वोट की चोरी करने का है। उन्होंने कहा कि बिहार में वे वोट चोरी नहीं होने देंगे। चुनाव आयोग





खुद अपनी छवि खराब कर रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि कर्नाटक के एक विधानसभा में वोटर को लेकर उन्होंने डाटा रखा था, लेकिन चुनाव आयोग ने हमसे ही एफिडेविट की मांग कर दी, जबकि करीब वही बात भाजपा के अनुराग ठाकुर ने रखी, लेकिन उनसे एफिडेविट की मांग नहीं की गई। उन्होंने कहा कि मीडिया को भी मालूम है कि चुनाव आयोग किसके साथ खड़ा है। उल्लेखनीय है।

### पूर्णिया में राहुल गांधी की 'वोटर अधिकार यात्रा' में उमड़ा जनसैलाब, घंटों जाम से थमा शहर

कांग्रेस नेता एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की 'वोटर अधिकार यात्रा' 24 अगस्त को पूर्णिया में अभूतपूर्व जनसमर्थन के साथ सम्पन्न हुई। बिहार के विभिन्न जिलों से पहुंचे हजारों लोग इस यात्रा में शामिल हुए और इसे जनआंदोलन का रूप दे दिया।यात्रा की शुरुआत बेलौरी से हुई, जो लाइन बाजार, पंचमुखी मंदिर, रामबाग होते हुए कसबा की ओर बढ़ी और फिर अररिया के लिए रवाना हुई। राहुल गांधी और राजद नेता तेजस्वी यादव बुलेट गाड़ी पर सवार होकर काफिले का नेतृत्व कर रहे थे। उनके पीछे सैकड़ों वाहनों और पैदल चल रहे समर्थकों का हुजूम देखने को मिला। जगह-जगह लोगों की भीड़ ने यात्रा का स्वागत किया। इस दौरान पूर्णिया शहर पूरी तरह थम गया और कई इलाकों में घंटों जाम लगा रहा। करीब 5 किलोमीटर तक लंबी कतार में वाहन और पैदल लोग खड़े रहे।

## विट्ठलभाई पटेल ने पराधीन भारत में भी संसदीय परंपराओं की ज्योति प्रज्वलित की थी : रेखा गुप्ता



■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

दिल्ली विधानसभा में रविवार को 'ऑल इंडिया स्पीकर्स कॉन्फ्रेंस' का शुभारंभ हुआ।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि विट्ठलभाई पटेल ने पराधीन भारत में भी संसदीय परंपराओं और लोकतांत्रिक मर्यादाओं की ज्योति प्रज्वलित की थी। मुख्यमंत्री ने देशभर की विधानसभाओं एवं विधान परिषदों के अध्यक्षों, उपाध्यक्षों और सभापतियों का अभिनंदन करते हुए कहा कि यह ऐतिहासिक सम्मेलन विट्ठलभाई पटेल के केंद्रीय विधानसभा के प्रथम भारतीय निर्वाचित अध्यक्ष बनने की शताब्दी वर्षगांठ पर आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि आज उस ज्योति को और प्रखर करने का यह अवसर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में हम सबके लिए एक ऐतिहासिक धरोहर बन रहा है।मुख्यमंत्री ने गृहमंत्री शाह के दूरदर्शी नेतृत्व और अटूट संकल्प की सराहना करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन ने लोकतंत्र की मर्यादाओं, आचार-संहिता, निष्पक्षता और समयबद्धता को नई मजबूती प्रदान की है।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह सम्मेलन संसद और विधानमंडलों की उस निरंतर यात्रा का मील का पत्थर बनेगा।

## ब्रज संस्कृति का ब्रांड एंबेसेडर बनने का आह्वान



■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

राजस्थान वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरुण चतुर्वेदी ने धर्म एवं संस्कृति पर लगातार हो रहे हमलों का प्रतिकार करते हुए मिठास और प्रेम में लिप्त ब्रज संस्कृति के फैलाव के लिए ब्रांड एम्बेसेडर की भूमिका निभाने का आव्हान किया है। लोहागढ़ विकास परिषद् द्वारा पाथेय कण संस्थान में अपने अभिनन्दन समारोह में डॉ. अरुण चतुर्वेदी ने कहा कि धर्म संस्कृति पर संकट नहीं आये। इसलिए ब्रज संस्कृति का सर्वत्र विस्तार आवश्यक है। उन्होंने गोविन्द की नगरी जयपुर में ब्रज संस्कृति की छटा बिखेरने के लिए परिषद् के प्रयास की सराहना की। समारोह के अध्यक्ष भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण जयपुर, राजस्थान वृत्त के अधीक्षण पुरातत्वविद डॉ. विनय गुप्ता ने शॉल, हरेंद्र चीमा ने पुष्पहार, जगदीश गुप्ता ने स्मृति चिन्ह और परिषद् के अध्यक्ष गुलाब बत्रा एवं कार्यक्रम संयोजक गोपाल गुप्ता ने अभिनन्दन पत्र भेंटकर डॉ. अरुण चतुर्वेदी का अभिनन्दन किया। बाल- गोपाल माखन भोग कृष्ण लीला महारास कार्यक्रम में श्रीजी गोप लोक कला मंच के लोक कलाकारों द्वारा फूल और लठामार होली के मंचन में डॉ. चतुर्वेदी डॉ. गुप्ता सहित श्रृदालुओं एवं दर्शकों ने राधा कृष्ण के युगल स्वरुप पर पुष्प वर्षा की। डॉ. चतुर्वेदी ने कहा कि यह दृश्य देख उन्हे भरतपुर का बचपन याद आ गया।

## गोविंद देव जी मंदिर में पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

राधाष्टमी महोत्सव के उपलक्ष में रविवार को अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गोविंद देव जी मंदिर परिसर में भव्य पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन हुआ। महायज्ञ का शुभारंभ मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी महाराज के सान्निध्य में सेवाधिकारी मानस गोस्वामी ने ठाकुर श्रीजी, वेदमाता गायत्री और गुरुसत्ता के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी की विद्वान टोली ने प्रज्ञा गीतों और प्रेरक उद्बोधनों के साथ यज्ञ का संचालन किया। आचार्य पीठ से गायत्री कचोलिया, दिनेश आचार्य और डॉ. अजय भारद्वाज ने यज्ञ के ज्ञान-विज्ञान पर प्रकाश डाला और उपस्थित श्रद्धालुओं का मार्गदर्शन किया। गुरु वंदना के पश्चात गायत्री कचोलिया ने श्रीगोविंद देव जी के मधुर भजनों की प्रस्तुति दी। करीब 300 श्रद्धालुओं ने विभिन्न पारियों में विश्व कल्याण की कामना से यज्ञ भगवान को आहुतियां अर्पित कीं। इस दौरान राधा गायत्री मंत्र से विशेष आहुतियां भी दी गईं।

## रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने एकीकृत वायु रक्षा हथियार प्रणाली का पहला परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने एकीकृत वायु रक्षा हथियार प्रणाली (आईएडीडब्ल्यूएस) का पहला परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। यह परीक्षण 23 अगस्त, 2025 को लगभग 12ः30 बजे ओडिशा के समुद्री तट पर किया गया। आईएडीडब्ल्यूएस एक बहुस्तरीय वायु रक्षा प्रणाली है, जिसमें सभी स्वदेशी त्वरित प्रतिक्रिया वाली सतह से हवा में मार करने में सक्षम मिसाइलें (क्यूआरएसएएम), उन्नत अति लघु दूरी वायु रक्षा प्रणाली (वीएसएचओआरएडीएस) मिसाइलें और एक उच्च शक्ति सहित लेजर आधारित निर्देशित ऊर्जा हथियार (डीईडब्ल्यू) शामिल हैं। सभी हथियार प्रणाली घटकों को एकीकृत संचालन रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला द्वारा विकसित एक केंद्रीकृत कमान व नियंत्रण केंद्र द्वारा नियंत्रित किया जाता है, जो इस परीक्षण से जुड़े विकास कार्यक्रम की नोडल प्रयोगशाला है। वीएसएचओआरएडीएस को रिसर्च सेंटर इमारत और डीईडब्ल्यू को सेंटर फॉर हाई एनर्जी सिस्टम्स एंड साइंसेज द्वारा विकसित किया गया है।उड़ान परीक्षणों के दौरान, दो उच्च गति वाले फिक्स्ड विंग मानवरहित हवाई लक्ष्यों और एक मल्टी-कॉप्टर ड्रोन सहित तीन अलग-अलग लक्ष्यों को एक साथ क्यूआरएसएएम, वीएसएचओआरएडीएस तथा उच्च ऊर्जा लेजर हथियार प्रणाली द्वारा अलग-अलग दूरी एवं ऊंचाई पर निशाना बनाकर पूरी तरह से नष्ट कर दिया गया। मिसाइल प्रणाली और ड्रोन का पता लगाने तथा विनाश प्रणाली, हथियार प्रणाली कमान एवं नियंत्रण के साथ-साथ संचार व



रडार सहित सभी हथियार प्रणाली घटकों ने त्रुटिरहित प्रदर्शन किया, जिसकी पुष्टि उड़ान डेटा को कैप्चर करने के लिए एकीकृत परीक्षण रेंज, चांदीपुर द्वारा तैनात रेंज उपकरणों द्वारा की गई। इस परीक्षण का अवलोकन डीआरडीओ के वरिष्ठ वैज्ञानिकों और सशस्त्र बलों के प्रतिनिधियों ने किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आईएडीडब्ल्यूएस के सफल परीक्षण के लिए डीआरडीओ, सशस्त्र बलों और रक्षा उद्योग जगत को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि इस अनूठे उड़ान परीक्षण ने देश की बहुस्तरीय वायु रक्षा क्षमता को स्थापित किया है और यह दुश्मन के हवाई खतरों का मुकाबला करने के लिए क्षेत्रीय रक्षा घेरे को सशक्त बनाएगा। रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव और डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी. कामत ने भी सफल उड़ान परीक्षणों में शामिल सभी टीमों को बधाई दी है।

## स्वतंत्रता दिवस की बधाई पर जेलेंस्की ने ट्रंप का जताया आभार, स्वतंत्रता, आजादी और शांति की गारंटी को बताया मूल्यवान

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

रविवार को यूक्रेन अपना 34वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। इस खास मौके पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूक्रेन को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी, जिस पर वोलोदिमीर जेलेंस्की ने आभार जताया। इसके साथ ही उन्होंने स्वतंत्रता, आजादी और शांति की गारंटी को सबसे मूल्यवान बताया।यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को शुक्रिया कहा। उन्होंने अमेरिका का यूक्रेन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहने के लिए आभार जताया। जेलेंस्की ने लिखा, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, यूक्रेन के स्वतंत्रता दिवस पर आपकी हार्दिक बधाई के लिए धन्यवाद। यूक्रेनी लोगों के लिए आपके स्नेहपूर्ण शब्दों के लिए हम आभारी हैं, और हम संयुक्त राज्य अमेरिका को यूक्रेन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े होने के लिए धन्यवाद देते हैं। स्वतंत्रता, आजादी और शांति की गारंटी सबसे मूल्यवान है।जेलेंस्की ने अमेरिका और यूक्रेन के साथ मिलकर युद्ध को समाप्त करने की संभावना जताई। उन्होंने लिखा, हमारा मानना है कि साथ मिलकर काम करके, हम इस युद्ध को समाप्त कर सकते हैं और यूक्रेन के लिए वास्तविक शांति प्राप्त कर सकते हैं। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पत्र लिखकर यूक्रेन को 34वें स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी थी। पत्र में लिखा था, अमेरिकी जनता की ओर से, मैं आपको और यूक्रेन के साहसी लोगों को



स्वतंत्रता के 34 वर्ष पूरे होने पर बधाई और हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। यूक्रेन के लोगों में अटूट भावना है, और आपके देश का साहस कई लोगों को प्रेरित करता है। इस महत्वपूर्ण दिन को मनाते हुए, यह जान लें कि संयुक्त राज्य अमेरिका आपके संघर्ष का सम्मान करता है, आपके बलिदानों का सम्मान करता है, और एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में आपके भविष्य में विश्वास करता है। बातचीत के माध्यम से रूस-यूक्रेन युद्ध की समाप्ति की बात करते हुए उन्होंने लिखा, अब इस निरर्थक हत्या को समाप्त करने का समय आ गया है। संयुक्त राज्य अमेरिका एक ऐसे बातचीत-आधारित समाधान का समर्थन करता है जो एक स्थायी शांति की ओर ले जाए, जो रक्तपात को समाप्त करे और यूक्रेन की संप्रभुता और गरिमा की रक्षा करे।

## बीसलपुर के 6 गेट खोलकर 30050 क्यूसेक पानी की निकासी

# बारिश के नाम से तेज बारिश से नागौर, सवाई माधोपुर, कोटा, बूंदी और टोंक में बिगड़े हालात

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

प्रदेश में तेज बारिश का दौर चल रहा है। इसके चलते सवाई माधोपुर, बूंदी, टोंक, कोटा, नागौर, हनुमानगढ़ सहित अन्य शहरों के हालात बिगड़ गए है। तेज बारिश की चेतावनी के चलते जयपुर सहित 11 जिलों में स्कूलों की आगामी दो दिन छुट्टी की घोषणा कर दी गई है। वहीं बारिश के चलते अलग-अलग स्थानों पर पांच लोगों की मौत हो गई। रविवार को सबसे ज्यादा बारिश नागौर में 173 मिमी दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार जयपुर, अजमेर, भीलवाड़ा, अलवर, पिलानी, सीकर , कोटा, चित्तौड़ग़ढ़, डबोक, बाड़मेर, जोधपुर, बीकानेर, चूरू, श्रीगंगानगर, नागौर, सिरोही, करौली, दौसा सहित अन्य स्थानों पर बारिश हुई। जल संसाधन विभाग के अनुसार नागौर में 173, देह में 137, जायल में 112, खींवचर में 99 और डेगाना में 85, हनुमानगढ़ के गोलूवाला में 92, संगरिया में 90, बीकानेर के लूणकरणसर में 91, डीडवाना-कुचामन छोटी खाटू में 92 और सिरोही के माउंट आबू में 72 मिमी दर्ज की गई। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि आगामी तीन से चार दिन तक राज्य में कहीं-कहीं भारी व अतिभारी बारिश का दौर जारी रह सकता है। शनिवार को दौसा में 285 मिमी रिकॉर्ड की गई। दक्षिणी व दक्षिण-पश्चिमी भागों में भारी, अतिभारी बारिश का दौर 25-26 अगस्त को दर्ज होने की प्रबल संभावना है। पश्चिमी राज के जोधपुर, बीकानेर संभाग के कुछ भागों में भी मेघगर्जन के साथ मध्यम से कहीं-कहीं भारी बारिश आगामी 4-5 दिन दर्ज होने की प्रबल संभावना है। इन जिलों में रहेगी स्कूलों की छुट्टी मौसम विभाग ने आगामी 2-3 दिन भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इसी को ध्यान में रखकर जयपुर, नागौर, दौसा, डीडवाना-कुचामन और बूंदी जिला कलेक्टर ने 25-26 अगस्त की स्कूलों की छुट्टी की घोषणा की है। इसमें पहली से 12 कक्षा तक के बच्चों का अवकाश रहेगा, जबकि शिक्षकों को स्कूल आना होगा। जयपुर-सीकर समेत 11 जिलों में कहीं एक तो कहीं दो तो कहीं तीन दिन की स्कूलों की छुट्टी घोषित की गई है। मकान ढहने से 5 लोगों की मौत बारिश के दौरान अलग-अलग स्थानों पर मकान ढ़हने से पांच लोगों की मौत हो गई। नागौर में मकान ढहने से 2 लोगों की मौत हो गई। नागौर के लोहारपुरा क्षेत्र में भी एक पुराना मकान भरभरा कर गिर गया। कोटा के सुल्तानपुर में शनिवार देर रात मकान ढहने से एक महिला की मौत हो गई। डीडवाना-कुचामन में देर रात मकान की दीवार ढहने से 2 लोगों की मौत हो गई। हाड़ौती के जिलों में बाढ़ के हालात हैं। यहां सेना रेस्क्यू कर रही है। एयरफोर्स के हेलिकॉप्टर एमआई-17 की भी तैनाती की गई। टोंक के उनियारा में लोगों की समस्या जानने निकले उपखंड अधिकारी ही जलजमाव में फंस गए। फिर उन्हें ट्रैक्टर पर बैठाकर निकाला गया। उदयपुर के डबोक में रविवार को कुंवारी माइंस में भरे पानी में डूबने से 4 बच्चों की मौत हो गई। जयपुर में 4 इंच बारिश, सड़कों पर भरा पानी, वाहन चालक होते रहे परेशान जयपुर में शनिवार सुबह हुआ बारिश का दौर रविवार को भी जारी रहा। रविवार को दोपहर बाद बारिश थमी। इसी बीच जयपुर में करीब 100 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। लगातार बारिश के चलते शहर के प्रमुख इलाकों की सड़के जलमग्न हो गई। इससे वाहन चालक परेशान होते रहे। जिला कलेक्टर जितेंद्र सोनी ने 25 और 26 अगस्त को सरकारी-निजी स्कूलों में छुट्टी के आदेश दिए हैं। जयपुर का अधिकतम तापमान 30.6 और न्यूनतम तापमान 23.4 डिग्री दर्ज किया गया। लगातार बरसात ने सरकारी दावों की पोल खोल दी है। कई जगहों पर सड़कें उधड़ गई। शहर के पॉश इलाकों की कॉलोनियों में पानी जमा हो गया। सीवर जाम हो गए हैं। सड़कों पर पानी जमा होने से ट्रैफिक रेंग-रेंग कर चलता रहा है। भांकरोटा में सड़कों पर घुटनों तक पानी भरने से यातायात बाधित हुआ और लोगों को परेशानी हुई। गोविंदगढ़ क्षेत्र में भारी बारिश के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। ढोंढसर-नाडियावाली को जोडऩे वाली सड़क, जो केवल तीन महीने पहले ही बनाई गई थी वह क्षतिग्रस्त हो गई। । वहीं, चाकसू में दूदू-दौसा स्टेट हाइवे की कोटखावदा रोड पर नाले के ऊपर बनी सड़क पार कर रहा ट्रक बहाव से नीचे उतर गया। जयपुर शहर में बारिश के कारण कई इलाकों में बिजली गुल हो गई, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई स्थानों पर ट्रांसफार्मर और बिजली लाइनों में फाल्ट आने की वजह से बिजली आपूर्ति बाधित हुई है। टोंक फाटक, बरकत नगर और आसपास के इलाकों में सुबह 4 बजे से बिजली नहीं थी। डिस्कॉम की टेक्निकल टीम लाइन में आए बड़े फॉल्ट को 7 घंटे बाद ठीक किया गया। जयपुर में अब तक कुल बारिश 623.2 मिमी हो चुकी है। जो पूरे मानसून सीजन में होने वाली बारिश से ज्यादा है।

स्वत्वाधिकारी , मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक रेखा गौड़ के लिए महारानी प्रिन्टर्स, 17 माँ वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड, जयपुर में मुदित एवं प्लाट नं. एसबी-7, रजनी विहार, हीरापुरा, अजमेर रोड़, जयपुर-302024 से प्रकाशित ।
( पी.आर. बी. एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार )